# जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक-23.01.2025

**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने, दुष्कर्म करने के मामले में 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 20.01.2025 को थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने, दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा लिखित तहरीर दी गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 23.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने, दुष्कर्म के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.सरिंदर उर्फ गुगली पुत्र सतपाल सिह निवासी ग्राम नोलडी थाना समराला जनपद लुधियाना पंजाब।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री राजकमल थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.का0 विकास कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

3.म0है0का0 सोनिया थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।



**<u>थाना थानाभवन पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 07.99 ग्राम स्मैक बरामदः-</u>**

आज दिनांक 23.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए गये मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 07.99 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.अमजद पुत्र सही मौहम्मद निवासी ग्राम भैंसानी इस्लामपुर थाना थानाभवन जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.अवैध 07.99 ग्राम स्मैक।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.उ0नि0 दीपचन्द थाना थानाभवन जनपद शामली।

2.उ0नि0 शौराज सिंह थाना थानाभवन जनपद शामली।

3.है0का0 यशपाल थाना थानाभवन जनपद शामली।

4.मोहित कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा घर में घुसकर नाबालिग को डरा धमकाकर साथ ले जाने और जोर जबरदस्ती विवाह कर दुष्कर्म करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 11.09.2024 को थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत घर में घुसकर नाबालिग को डरा धमकाकर साथ ले जाने और जोर जबरदस्ती विवाह कर दुष्कर्म करने एवं जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध पीड़िता के द्वारा थाना कैराना पर तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिल तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा थाना कैराना पुलिस को अभियुक्तगणों शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था।

आज दिनांक 23.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा घर में घुसकर नाबालिग को डरा धमकाकर साथ ले जाने और जोर जबरदस्ती विवाह कर दुष्कर्म करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। ज्ञात हो कि घटना में लिप्त 04 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं, शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

**नाम व पता अभियुक्त-**

1.दिलशाद पुत्र मंजूरा निवासी ग्राम इस्सोपुर खुरगान थाना कैराना जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.प्र0नि0 बिजेन्द्र सिंह रावत थाना कैराना जनपद शामली।

2.का0 ब्रजेश कुमार थाना कैराना जनपद शामली।



**<u>थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में दो पक्षों द्वारा एक दूसरे पर जान से मारने की नियत से एक राय होकर अवैध हथियार से फायरिंग, मारपीट करने के मामले में वांछित 01 अन्य अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>**

ज्ञात हो कि दिनांक 11.01.2025 को थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में दो पक्षो में एक दूसरे पर जान से मारने की नियत से फायरिंग व मारपीट की घटना हुई थी। घटना के सम्बन्ध में इमरान पुत्र उमरदीन निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली की तहरीर के आधार पर 20 व्यक्ति नामजद व 08-10 व्यक्ति नाम पता अज्ञात तथा तासमीन पुत्र इकराम निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली की तहरीर के आधार पर 23 व्यक्ति नामजद व 08-10 व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किये गये तथा घटना में घायल 04 व्यक्तियों को उपचार हेतु भेजा गया था। उपरोक्त घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली के द्वारा थाना कैराना पुलिस को सतर्क दृष्टि रखने एवं नामित अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। प्रकरण में 21 अभियुक्तों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

इसी क्रम में आज दिनांक 23.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में दो पक्षों द्वारा एक दूसरे पर जान से मारने की नियत से एक राय होकर अवैध हथियार से फायरिंग मारपीट करने के मामले में वांछित 01 अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगी हुयी हैं शीघ्र अभियुक्तगण की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>**

1.फरमान पुत्र उमरा उर्फ उमरदीन ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरण:-</u>**

1.एक अदद देशी अद्धा12 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री सुभाष चन्द थाना कैराना जनपद शामली।

2.है0का0 कुलवंत थाना कैराना जनपद शामली।

3.है0का0 नितिन कुमार थाना कैराना जनपद शामली।



**थाना कांधला पुलिस द्वारा युवक को आत्महत्या करने हेतु उकसाने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 20.10.2024 को वादी श्री धर्मपाल पुत्र चन्दगीराम निवासी ग्राम गंगेरु थाना कांधला जनपद शामली ने मुनाजरा पत्नी यामीन निवासी उपरोक्त व 02 अन्य के विरुद्ध अपने बेटे मनोज के साथ गाली गलौज व मारपीट करने जिससे आहत होकर वादी के पुत्र मनोज द्वारा आत्महत्या कर ली गई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कांधला पर नामजद तहरीर दाखिल की गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर अभियोग पंजीकृत किया गया था।

आज दिनांक 23.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा कांधला क्षेत्रांतर्गत महिला को आत्महत्या करने हेतु उकसाने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना कांधला पुलिस लगातार प्रयासरत है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.सुएब पुत्र इकबाल निवासी मौहल्ला तेलियान ग्राम गंगेरु थाना कांधला जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री सुभाष सिंह थाना कांधला जनपद शामली।

2.है0का0 नरेश सिंह थाना कांधला जनपद शामली।



**<u>थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>**

आज दिनांक 23.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण</u>**

1.शीशपाल पुत्र टीकाराम निवासी ग्राम पान्ची जाटान थाना गन्नौर जनपद सोनीपत हरियाणा।



**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**